गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

पंजीकृत कार्यालयः
गेल भवन
16 भीकाएजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम
नई दिल्ली-110066, इंडिया

Regd. Office:
GAIL BHAWAN
16 BHIKAIJI CAMA PLACE, R.K. PURAM
NEW DELHI-110066, INDIA

फोन/PHONE: +91 11 2618 2955
फैक्स/FAX: +91 11 2618 2955
ई-मेल/Email: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2024 **दिनांक 18.11.2024**

1. लिस्टिन्ग अनुपालन
   नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
   एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
   प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
   बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
   मुंबई-400 051
   स्क्रिप कोड: गेल-ईक्यू

2. लिस्टिन्ग अनुपालन
   बीएसई लिमिटेड
   पहला तल,
   फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स,
   दलाल स्ट्रीट,
   मुंबई- 400001
   स्क्रिप कोड: 532155

महोदय/महोदया,

कृपया **"गेल लगातार दूसरे वर्ष एसएपी एसीई बेस्ट फाइनेंशियल ट्रांसफॉरमेशन अवार्ड से सम्मानित"** विषय पर प्रेस विज्ञप्ति की एक प्रति संलग्न है ।

धन्यवाद,
भवदीय,

(महेश कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

प्रति:

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई — ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके
   टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
   मुम्बई-400051

2. बीकॉन ट्रस्टीशिप लिमिटेड, — ध्यानाकर्षण : श्री कौस्तुभ कुलकर्णी
   4 सी एंड डी, सिद्धिविनायक चैंबर्स,
   गांधी नगर, एमआईजी क्रिकेट क्लब के पीछे,
   बांद्रा पूर्व, मुंबई- 400 051

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल लगातार दूसरे वर्ष एसएपी एसीई बेस्ट फाइनेंशियल ट्रांसफॉरमेशन अवार्ड से सम्मानित

मुंबई, 15 नवंबर, 2024 : गेल (इंडिया) लिमिटेड को सर्वश्रेष्ठ वित्तीय परिवर्तन के लिए एसएपी एसीई अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया, यह लगातार दूसरा वर्ष है जब गेल ने यह सम्मान प्राप्त किया है । यह पुरस्कार एसएपी ट्रेजरी और जोखिम प्रबंधन (टीआरएम) का उपयोग करके अपनी ट्रस्ट अकाउंटिंग प्रक्रिया को डिजिटल रूप से परिवर्तित करने में कंपनी की प्रभावशाली उपलब्धि को प्रदर्शित करता है, जो वित्तीय नवाचार और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति इसके समर्पण को दर्शाता है ।

यह पुरस्कार गेल के निदेशक (वित्त), श्री आर. के. जैन ने यहां आयोजित एक समारोह में प्राप्त किया । इस उपलब्धि पर अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा, "यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करना बहुत सम्मान और सौभाग्य की बात है । हम हमेशा से ही हितधारकों को हर संभव तरीके से सशक्त बनाकर उनके जीवन को परिवर्तित करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं ।"

एसएपी एसीई पुरस्कार भारतीय उपमहाद्वीप में सबसे बेहतर तरीके से संचालित व्यवसायों को मान्यता देने के लिए एक उद्योग मानक है । यह व्यवसायों की विभिन्न श्रेणियों में आईटी नवाचार में उत्कृष्टता को मान्यता देता है और उनकी सराहना करता है, जो एसएपी समाधानों के कार्यान्वयन के माध्यम से भारत की अर्थव्यवस्था में डिजिटल परिवर्तन ला रहे हैं ।

एसएपी टीआरएम के माध्यम से ट्रस्ट अकाउंटिंग का कार्यान्वयन गेल की एक अभूतपूर्व पहल थी, जिसने ट्रस्ट व्यवसाय के लिए एक मानक समाधान की कमी संबंधी समस्या का समाधान किया । गेल और एसएपी टीम ने एसएपी टीआरएम, फियोरी, वर्कफ़्लो और एडोब फॉर्म्स को एकीकृत करके एक अनूठा समाधान तैयार किया । इस नवाचार ने न केवल गेल के ट्रस्ट अकाउंटिंग को परिवर्तित किया, बल्कि बेहतर दक्षता, सटीकता और अनुपालन भी लेकर आया । इस समाधान ने उपयोग में आसान फियोरी इंटरफ़ेस के माध्यम से स्वचालित ब्याज गणना, वास्तविक समय में सामंजस्य और सहज पीएफ, पेंशन कार्ड अपडेट को सक्षम किया । वर्कफ़्लो ने सुचारू अनुमोदन सुनिश्चित किया, जबकि एडोब फॉर्म्स और रिकॉर्ड एवं केस प्रबंधन ने दस्तावेजों को सुव्यवस्थित किया और अनुपालन सुनिश्चित किया ।

इस समाधान ने सरकारी संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों जैसी अन्य समकक्ष कंपनियों के लिए ट्रस्ट अकाउंटिंग प्रणालियों में एक नया मानक स्थापित किया है ।